# जिला स्तर से ईसी प्राप्त लीज-क्वारी लाइसेंसधारक परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करें : टी.रविकांत

## राज्य सरकार के प्रयासों से सुप्रीम कोर्ट द्वारा 3 सप्ताह की राहत मिली

**जयपुर** (कासं)। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने जिला स्तर से पर्यावरण स्पीकृतियां प्राप्त 5 हैक्टयर तक की माइनर मिनरल लीज धारकों व क्वारी लाइसेंसधारकों से परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करने से शेष रहे खान लीज व क्वारी लाइसेंसधारकों से तत्काल फार्म 2 अपलोड करने को कहा है।

उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग के अतिरिक्त निदेशकों, अधीक्षण खनिज अभियंताओं, खनि अभियंताओं व सहायक खनिज अभियंताओं से अपने क्षेत्र के माइनिंग एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ 15 नवंबर को बैठक कर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के क्रम में संबधित खान धारकों से फार्म 2 अपलोड कराने में सहभागिता निभाने के लिए आगे आने का स्पष्ट संदेश दे।



**माइंस विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने गुरुवार को सचिवालय में विभागीय अधिकारियों से वर्चुअली बैठक की।**

टी. रविकान्त गुरुवार को सचिवालय में जिला स्तरीय समितियों से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त लीज व क्वारी लाइसेंस वाली माइंस को राज्य स्तरीय समिति से ईसी जारी कराने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तीन सप्ताह में आवेदन करने की राहत के संबंध में विभागीय अधिकारियों से वर्चुअली रुबरु हो रहे थे। उन्होंने कहा कि खानधारकों के हित में राज्य सरकार के प्रभावी प्रयासों से माननीय सुप्रीम कोर्ट से 3 सप्ताह की राहत प्राप्त हुई है। उन्होंने खान विभाग को फार्म 2 अपलोड होने की नियमित प्रगति समीक्षा करते हुए राज्य सरकार को अवगत कराने के निर्देश दिए।

टी. रविकान्त ने कहा कि विभागीय प्रयासों के बाद भी परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड नहीं करने वाले खानधारकों को नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से पर्यावरण स्वीकृतियां प्राप्त खान लीज व क्वारी लाइसेंसधारकों को यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि परिवेश पोर्टल पर तीन सप्ताह में फार्म 2 अपलोड नहीं करने की स्थिति में आगे कोई राहत नहीं मिल सकेगी और इस तरह की खानों में खनन कार्य बंद होने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा।

- **फील्ड अधिकारी माइनिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों से 15 नवंबर को बैठक कर समन्वय बनाएं**
- **तय समय में फार्म 2 अपलोड की जिम्मेदारी खानधारक की, विभागीय अधिकारी कर रहे हैं मार्गदर्शन**

प्रमुख सचिव ने कहा कि राज्य में इस तरह की 23978 खान लीज-क्वारी लाइसेंस धारकों द्वारा आवेदन किया जा चुका है और इनमें से 21734 का राज्य स्तरीय एंवायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी (सीया) द्वारा वेलिडेट करने के बाद परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 11687 लीज व क्वारीलाइसेंसधारकों द्वारा फार्म2 अपलोड किया जा चुका है। 896 खानधारकों को राज्य स्तरीय समिति द्वारा पर्यावरण स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि सर्वाधिक जोधपुर में 3420 और बालेसर में 3266 लीज व क्वारी लाइसेंसधारकों द्वारा परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड होना बकाया है।

इसके साथ ही निम्बाहेड़ा, राजसमंद प्रथम, भीलवाड़ा, बिजोलिया, चित्तोगढ़, बूंदी द्वितीय, जैसलमेर, ब्यावर, मकराना, नागौर, आमेट, जालौर, सोजत सिटी आदि में 100 से अधिक लीज व लाइसेंसधारकों द्वारा फार्म 2 अपलोड किया जाना है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर 100 से कम संख्या में लीज-क्वारी लाइसेंसधारकों द्वारा अपलोड किया जाना है।

# गोविंददेवजी मंदिर में आज मनायी जायेगी रास पूर्णिमा



**गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुर श्रीजी के सम्मुख रास का खाट और चौसर, शतरंज की झांकी सजाई गई।**

**जयपुर** । कार्तिक पूर्णिमा शुक्रवार को देव दिवाली के रूप में मनाई जाएगी। शाम को सभी मंदिरों में दीये जलाए जाएंगे। घरों में भी दीपदान होगा। धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को सभी देवता धरती पर आते हैं। इसके साथ ही भीष्म पंचक और कार्तिक स्नान पूर्ण हो जाएगा। ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी में कार्तिक पूर्णिमा आज रास पूर्णिमा के रूप में मनाई जाएगी।

संध्या झांकी के बाद महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में शाम सात से सवा सात बजे तक विशेष रास पूर्णिमा उत्सव झांकी के दर्शन होंगे। विशेष झांकी में ठाकुर श्रीजी के सम्मुख रास का खाट सजाया जाएगा। इसमें चौसर, शतरंज की झांकी के दर्शन होंगे। दूध, पान एवं इत्र की विशेष सेवा अर्पित की जाएगी। ठाकुर श्रीजी को खीर एवं मावा लड्डू का विशेष भोग अर्पण किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने कार्तिक पूर्णिमा को ही महारास लीला की थी।

मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इससे पूर्व मंगला झांकी के दर्शन सुबह 4 बजे से 5:30 बजे तक होंगे। मंगला झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत अभिषेक कर सुनहरे पारचे की लप्पा जामा पोशाक धारण कराई जाएगी। धवल फूलों की माला एवं अलंकारों से श्रृंगार किया जाएगा। कल से धूप झांकी के अतिरिक्त सभी झांकियों में ठाकुर श्रीजी की कपूर आरती आरंभ हो जाएगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा या गंगा स्नान पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को भगवान शिव ने तारकासुर नाम के राक्षस का वध किया था। इस शक्तिशाली असुर का संहार होने के बाद देवगण बहुत प्रसन्न हुए। वहीं भगवान विष्णु ने शिवजी को त्रिपुरारी नाम दिया जो शिव के अनेक नामों में से एक है। धार्मिक कथाओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन महादेव ने प्रदोष काल में अर्धनारीश्वर रूप में तारकासुर के तीनों पुत्रों का वध किया था।

## हर्षोल्लास से मनाया जायेगा गुरु नानक देवजी का प्रकाश पर्व

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। गुरु नानक देवजी का प्रकाश पर्व शुक्रवार को जयपुर के सभी गुरुद्वारा में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। लगभग सभी गुरुद्वारों में गुरुवार को अखंड पाठ की गुरुवाणी गूंजी। कई गुरुद्वारों में गुरमत समागम भी हुए। राजापार्क, गुरुनानकपुरा, सेठी कॉलोनी, कंवरनगर, हीदा की मोरी स्थित गुरुद्वारों में बड़े स्तर पर प्रकाश पर्व मनाया जाएगा।


गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार वैशाली नगर में गुरुवार को अखंड पाठ साहिब हुए। शाम के दीवान सजाए गए। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार सर्वजीत सिंह मखीजा ने बताया कि श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति 15 नवंबर को सुबह 9:30 बजे होगी। इसके बाद गुरुद्वारे में विराजमान निशान साहब का चौला बदला जाएगा।

15 नवंबर को सुबह 7 बजे से आसा दी वार का पाठ किया जाएगा। उसके बाद कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। भाई जसपिन्दर सिंह, हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भाई जगतार सिंह राजपुरा, हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब अमृतसर एवं ज्ञानी शमशेर सिंह जी कथा वाचक देहरादून वाले प्रकाश पर्व में शबद और कथा करेंगे। ज्ञानी दविंदर सिंह, ज्ञानी बाबू सिंह बाज, ग्रंथी भाई तेजवीर सिंह कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। सभी दीवानों के बाद अटूट लंगर भी वरताया जाएगा।

गुरुद्वारा हीदा की मोरी में प्रकाश पर्व 15-16 नवंबर को मनाया जाएगा। भाई लिटिल वीर, माता कौला कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे।

# श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव आज से शुरू

## चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर में होगा 8 दिवसीय आयोजन



**जयपुर** । चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर में 15 नवंबर से आठ दिवसीय श्री राम जानकी विवाह मंगल महोत्सव मनाया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन शाम को छह बजे से रामायण एवं मिथिला पद्धित के अनुसार विविध वैवाहिक प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। श्री रामजानकी विवाह महोत्सव में नगर दर्शन, पुष्प वाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, गौरी पूजन के उत्सव मंदिर भक्त समाज द्वारा मिथल पुर की पद्धित से मंदिर परिवार की ओर से किए जाएंगे।

मंदिर महंत नरेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में यह उत्सव 95 साल से मनाया जा रहा है। जयपुर के आसपास के गांवों के लोग उत्सव को देखने आते है। यहां तक कि अयोध्या और जनकपुर से भी यात्री आते रहते है। मंदिर परिवार 95 वर्षों से यह परंपरा निभाता आ रहा है। विवाह उत्सव मंदिर के मुख्य उत्सवों में से एक है। रामायण में सिया राम के जितने नेग चार का वर्णन है वे सभी इसमें निभाए जाते है। उत्सव में दर्शन का समय बदला जाएगा। श्री राम जानकी विवाह महोत्सव की शुरुवात सुबह गणपति निमंत्रण से होगी। इसके बाद श्री राम विवाह के बधाइयों के पद गाए जाएंगे। 16 नवंबर को ठाकुरजी जनकपुर में जाएंगे। वहां नगर भ्रमण का उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, सगाई तिलक, मेहंदी उत्सव होंगे। ठाकुर जी की बारात जाट के कुआ स्थित हलकारा भवन से सज धज कर बैंडबाजे, हाथी,घोड़ा के लवाजमे के साथ मंदिर पहुंचेगी। जगह-जगह आतिशबाजी की जाएगी। 21 नवंबर को कुंवर कलेवा का उत्सव होगा। श्रीराम जी को जनकपुर वाले 56 भोग जिमाएंगे।

## जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

**जयपुर** । अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मानसरोवर मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के पांच दिवसीय श्रीमद् जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

अध्यक्ष सुशील पहाडिय़ा और मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मानसरोवर के गोखले मार्ग स्थित सेक्टर 9 के सामुदायिक केन्द्र में आयोजित महा महोत्सव में गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। पाण्डुक शिला पर 1008 कलशों से तीर्थंकर बालक का जन्माभिषेक किया गया। प्रचार प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक पं. धीरज शास्त्री के निर्देशन में पूजा-अर्चना की गई। अभिषेक, शांतिधारा आर पूजन के बाद भगवान के जन्मोत्सव की बधाइयां गाई गईं। प्रथम दर्शन शचि इन्द्राणी द्वारा सहस्त्र नैत्र से प्रभु दर्शन, सौधर्म इन्द्र द्वारा प्रवचन के बाद जन्म कल्याण शोभायात्रा निकाली गई।

गौखले मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र से निकली शोभायात्रा में हाथी, घोडे, ऊंट, बग्गी, बैण्ड बाजे के साथ बडी संख्या में श्रद्धालुगण नाचते गाते शामिल हुए। शोभा यात्रा विजय पथ सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई पाण्डुक शिला पहुंची। यहां पर तीर्थंकर बालक का 1008 कलशों से जन्माभिषेक किया गया। शाम को सौधर्म इन्द्र द्वारा तांडव नृत्य और भगवान का पालना झुलाना, बाल क्रियाओं के आयोजन हुए। शुक्रवार को तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

# जयपुर जिले में हवा की गुणवत्ता बेहतर बनाने लिए हर संभव प्रयास करें : डॉ. जितेन्द्र सोनी

## डंपिंग यार्ड में बचे पुराने कचरे का वैज्ञानिक पद्धित से निस्तारण करें : कलेक्टर


**जयपुर** (कासं)। जयपुर में वायु प्रदूषण नियंत्रण करने और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं, इसके लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत निर्धारित मापदंडों की पालना सुनिश्चित किया जाए। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के निदेशक प्रशांत गारगावा की मौजूदगी में कार्यक्रम के तहत जिले में जारी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए गारगावा ने कहा कि जयपुर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

- **राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के निदेशक की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक में नगर निगम और राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने दिया प्रस्तुतिकरण**

इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी सहयोग, समन्वय से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लिए एंटी स्मॉग गन, स्वीपिंग मशीन सहित अन्य आवश्यक संसाधन जुटाने एवं प्रभावी कार्ययोजना बना कर कार्य करने का आव्हान किया।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का उद्देश्य राजधानी की आबोहवा में सुधार करना है, इसके लिए भीड़भाड़ वाले इलाकों में धूलीय कणों के उत्सर्जन को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किये जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगाएं एवं सभी तरह के कचरा निस्तारण सुनिश्चित करें।



**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के निदेशक प्रशांत गारगावा की मौजूदगी में गुरूवार को जयपर कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। इस मौके पर कलेक्टर जितेन्द्र सोनी समेत कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।**

साथ ही उन्होंने सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था, डस्ट हॉटस्पॉट चिन्हित करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और मजबूत बनाने, शहर में हरियाली बढ़ाने एवं ग्रीन लंग्स विकसित करने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करने सहित स्वच्छ आबोहवा के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया।

बैठक में ठोस कचरा प्रबंध एवं निस्तारण की समीक्षा की गई। कलक्टर ने बैठक में डंपिंग यार्ड में बचे पुराने कचरे का वैज्ञानिक पद्धित से निस्तारण करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ निकायों को प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जयपुर में स्वच्छ हवा के लिए हरित क्षेत्र बढ़ाने, एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल करने सहित जिला पर्यावरणीय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने बैठक में फोगिंग मशीन से एमजीसीएल का छिड़काव करने सहित कई अहम सुझाव दिये। साथ ही बैठक में कलक्टर ने जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश भी दिये। साथ ही उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के दौरान जब्त खनिज की न्यायालय की मंजूरी के बाद नीलामी के भी निर्देशित किया।

बैठक में नगर निगम जयपुर ग्रेटर की आयुक्त रूकमणि रियाड़, उप वन संरक्षक वी. केतन कुमार, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नगर निगम, जेडीए, रीको, परिवहन विभाग, चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 141 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान

**जयपुर** । श्री खोले के हनुमान मंदिर एवं श्री नरवर आश्रम सेवा समिति (प्रन्यास) के संस्थापक पं. राधेलाल चौबे की 96वीं जयंती पर गुरूवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 141 भक्तजनों ने रक्तदान किया। करीब दो सौ श्रद्धालुओं ने चिकित्सा परामर्श का लाभ लिया। शिविर में करीब 20 भक्तों ने नेत्रदान संकल्प फार्म भरा। रक्तदान शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल ब्लड बैंक तथा चिकित्सा शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सकों ने सेवाएं दी। समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल शर्मा ने बताया समाधि पर सामूहिक सुंदरकाण्ड के पाठ किए गए। चौबेजी की स्मृति में मंदिर परिसर में वृक्षारोपण, गऊ सेवा कर कुष्ठ रोगियों को भोजन प्रसादी कराई गई। श्री युवा सत्संग रामायण समिति ने सुंदरकाण्ड का पारायण किया। रात्रि में हजारों भक्तजनों की मौजूदगी में चौबे जी की समाधि पर महाआरती की गई।

## 108 विभूतियों का सम्मान आज होगा

**जयपुर** । जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन फाउण्डेशन ट्रस्ट की ओर से 15 नवंबर को भट्टारकजी की नसियां स्थित तोतूका सभागार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाली 108 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य दिलीप शिवपुरी ने बताया कि न्यायमूर्ति जे.पी.जैन की 50वीं पुण्य तिथि एवं 108 वीं जयंती पर सुबह 10 बजे से यह समारोह आयोजित होगा।

## सार-समाचार

### अध्ययन के लिए जयपुर मेट्रो का दौरा



**जयपुर** । भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत 25 अंतर्राष्ट्रीय अधिकारियों के प्रतिनिधि दल ने विकासशील शहरी संदर्भ में स्थायी शहरी गतिशीलता विषय पर अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपुर मेट्रो रेल परियोजना का दौरा किया। सर्वप्रथम छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पहुंचने पर प्रतिनिधि दल ने छोटी चौपड़ स्थित कला दीर्घा में मूर्तिकला, रागमाला चित्रावली, चौपड़ पर खुदाई के दौरान निकले ऐतिहासिक कुंड, गौमुख एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लायी गयी पुरातत्व महत्व की वस्तुओं को सहजने व संरक्षित करने की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात् दल ने छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक की मेट्रो ट्रेन द्वारा यात्रा की तथा मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंचने पर प्रतिनिधी दल के साथ सभागार में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विकासशील शहरी संदर्भ में स्थायी शहरी गतिशीलता विषय पर मेट्रो की भूमिका के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दल को दी गई। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया ने आयोजित इस दौरे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के आवास एवं आधारभूत क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों द्वारा ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान को अतिमहत्वपूर्ण एवं एक सराहनीय कदम बताया।

### इंडियन ऑयल व चिकित्सा विभाग में करार




**जयपुर** । इंडियन ऑयल ने राजस्थान में तपेदिक (टी.बी.) के निदान और शीघ्र पता लगाने के लिए 117 रैपिड मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक टेस्ट डिवाइस और 50 हैंडहेल्ड एक्सरे डिवाइस प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार के चिकित्सा विभाग और परिवार कल्याण निदेशालय के साथ समझौता किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में इंडियन ऑयल के एचआर सीजीएम बिनोद कुमार शर्मा और चिकित्सा विभाग के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, इंडियन ऑयल के स्वतंत्र निदेशक डॉ. आशुतोष पंत और डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने एम.ओ.यू. ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। यह प्रोजेक्ट इंडियन ऑयल के सी.एस.आर. प्रोजेक्ट का हिस्सा है। बताया जा रहा है कि इंडियन ऑयल राजस्थान में टी.बी. रोग के निदान के लिए अपनी सी.एस.आर. योजना के तहत 29.14 करोड़ रुपये का समर्थन प्रदान करेगा। भारत टी.बी. रिपोर्ट 2023 के अनुसार राजस्थान में प्रति लाख जनसंख्या पर 210 की वार्षिक टी.बी. अधिसूचना के साथ 169522 मामले दर्ज हैं।

### नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**जयपुर** । राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 16 नवंबर एवं 18 नवंबर को कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन चार पारियों में (प्रथम पारी प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 5 हजार 450 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 18 नवंबर तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 15 नवंबर एवं 17 नवंबर तक प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 16 नवंबर एवं 18 नवंबर को को प्रात: 8 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए 9 उप समन्वयक एवं एक उड़नदस्त दल का तैनाती की गई है। जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

### प्रभात फेरी व पोस्टर विमोचन कार्यक्रम

**जयपुर** । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर प्रथम, द्वितीय एवं जिला द्वारा बाल दिवस के अवसर पर जागरूकता प्रभात फेरी तथा एडीआर भवन में जागरूकता कार्यक्रम एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों द्वारा बाल दिवस के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम एवं बाल अधिकारिता थाम पर एडीआर भवन से होते हुए कलेक्ट्रेट सर्किल से पुन: एडीआर भवन तक प्रभात फैरी का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाम का संदेश दिया। इसी क्रम में सी.सी.पी. के समन्वय से एडीआर भवन में विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय सचिव पल्लवी शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में आज बाल दिवस पर बच्चों के समग्र विकास हेतु, उन्हें विधिक सहायता या अन्य सहायता उपलब्ध करवाने के लिए जिन विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है तथा बाल विवाह बच्चों का जीवन किस प्रकार विपरीत रूप से प्रभावित करता है, इन सब विषयों की जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, द्वितीय तथा जयपुर जिला द्वारा पोस्टर तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीसीपी टीम के समन्वय से एक नवीन पहल की गई है, जिसमें एक बालक यानी अवयस्क लड़के का जीवन बाल विवाह के कारण किस प्रकार से दुष्प्रभावित होता है इस विषय पर भी पोस्टर तैयार किया गया तथा पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।

### तीन दिवसीय कथक कार्यक्रम शुरू

**जयपुर** । वैशाली नगर, चित्रकूट स्थित नटराज म्यूजिक एंड डांस एकेडमी परिसर में संगीत आश्रम संस्थान के तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का आगाज गुरुवार को कथक कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम में जूनियर व सीनियर कलाकारों ने आकर्षक फुटवर्क व आंगिक भाव-भंगिमाओं के बेहतरीन संयोजन से जयपुर घराने के शुद्ध पारंपरिक कथक का सलोनापन दर्शाया। इससे पहले नटराज म्यूजिक एंड डांस एकेडमी परिसर की प्रिंसिपल सुनीता राज ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ किया। नृत्य गुरु गोबिन्द प्रसाद व्यास के निर्देशन में आकर्षक वेशभूषा में सजीली जूनियर कलाकारों भव्या, काव्यांजली, तुलसी, सुनिता, नव्या, अन्विका, मनस्वी, तन्वी, पूनम और तारुषी ने तीन ताल में ठाठ, आमद, परन , तोड़े, तिहाई और रंगमंच का टुकड़ा की नयनाभिराम प्रस्तुति में कथक का लालित्य छलकाया। इसी प्रकार सीनियर कलाकारों सिमरन कुमावत, एकता, वान्या, नेत्रा गणेश वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने गाइए गणपति जग वंदन... पर शुद्ध कथक का आकर्षक भंगिमाओं में रूप लावण्य दर्शाया। हारमोनियम व गायन पर कशिश कंवर व भूमिका रहीं। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के दूसरे दिन 15 नवंबर को संस्थान के शास्त्रीय नगर स्थित परिसर में प्रात:कालीन संगीत सभा होगा। इसमें शहर के फनकार गुलजार हुसैन वायलिन साज पर प्रात:कालीन राग-रागनियों के सुरों का सम्मोहन बिखेरेंगे। इसी प्रकार 16 नवंबर को शाम 4 बजे संस्थान परिसर में अनेक कलाकार बॉलीवुड के लेजेण्डरी संगीत निर्देशक सलिल चौधरी व रोशन के संगीतबद्ध गीतों की माला पिरोएंगे।